दुबई में भी दौड़ेगी उत्तर प्रदेश की ई-साइकिल

विवेक राव • लखनऊ

अब दुबई में उत्तर प्रदेश की इलोटोर ई-साइकिल दौड़ेगी। इस स्टार्टअप में दुबई के चार निवेशकों ने निवेश की इच्छा जताई है। इस निवेश के सहारे इलोटोर ई-साइकिल मध्य एशिया में भी अपनी पहुंच बढ़ाएगी। स्टार्टअप मध्य एशिया की ओर से दुबई में विश्व से चुने गए स्टार्टअप की प्रदर्शनी गत 25 अप्रैल को लगाई गई थी। यहां भारत से दो स्टार्टअप (एक केरल, दूसरा उत्तर प्रदेश) का प्रस्तुतीकरण किया गया था। इसमें उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप इलोटोर ई-साइकिल को मौका मिला।

लखनऊ में गत 10 से 12 फरवरी के बीच ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आइटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में आई इलोटोर ई-साइकिल ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया था। घरेलू और बाहरी निवेशक इस इलोटोर की सवारी करते दिखे थे। इस स्टार्टअप को डा. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से जुड़े एमआइईटी कालेज मेरठ के इंक्यूबेशन फोरम ने आगे बढ़ाया है। यह फोरम स्टार्ट इन यूपी से मान्यता प्राप्त है। इसका मेमोरंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) स्टार्टअप मध्य एशिया से भी है। इसके तहत दुबई के ताज होटल में इलोटोर स्टार्टअप का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें चार निवेशकों ने इलोटोर में निवेश करने की इच्छा जताई। उनसे समझौता किया जा रहा है। इलोटोर स्टार्टअप को दो साल पहले मेरठ के ही मैकेनिकल के छात्र वरुण कौशिक और प्रशांत वर्मा ने शुरू किया था। तीन पहिये की इस ई-साइकिल का नाम इलोटोर है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में इसकी कीमत 18,500 रुपये रखी गई थी। अब इसकी कीमत बढ़ा दी गई है। वरुण कौशिक ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने से उत्तर प्रदेश व दिल्ली में इसका 300 से अधिक आर्डर मिला है। फिलहाल इसका उत्पादन उत्तर प्रदेश में ही किया जाएगा। www.ellotor.com पर इसकी बुकिंग कर सकते हैं।

10 से 12 फरवरी के बीच में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में स्टाल पर इलोटोर के साथ वरुण • जागरण आर्काइव

इलोटोर की विशेषता

40 से 50 किलोमीटर की दूरी तय कर सकते हैं एक से दो घंटे की चार्जिंग में।

30 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड।

10 साल से अधिक आयु के कोई भी पुरुष या महिला इसे चला सकते हैं।

26,500 रुपये वर्तमान कीमत।

240 किलो वजन ले जा सकते हैं।

30 किलोग्राम वजन।

02 माडल खड़े होकर और बैठकर चलाने की सुविधा है।

डिजिटल स्क्रीन, ईको फ्रेंडली यूएसबी और लीथियम बैट्री।